

## सबके साथ जोड़ना

हमारे लिंकर सभी लोगों और समुदायों के साथ काम करते हैं, इनमें विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं की पृष्ठभूमि के लोग और एबोरिजिनल समुदाय शामिल हैं। लिंकर आपको अपने स्थानीय समुदाय और विस्तृत समुदाय का एक हिस्सा बनने में सहायता देंगे।

आप अपने लिंकर से आवश्यकतानुसार, जो आपके लिए सुलभ हो, उस तरीके से संपर्क कर सकते हैं।

लिंकर का दायित्व एक विशिष्ट परिणाम हासिल करने के लिए एक सीमित समय के लिए सहायता देना है।

कोई नया लक्ष्य निर्धारित किए जाने पर, कुछ और सहायता या जानकारी की आवश्यकता पड़ने पर लिंकर से भविष्य में फिर से संपर्क किया जा सकता है।

*Linking people and communities with opportunities*

हिंदी भाषा में बातचीत करने के लिए कृपया ट्राँसलेटिंग एंड इंटरप्रैटिंग सर्विस (टिस) को 131 450 पर फ़ोन करें।

Hindi

# ABILITY LINKS
NEW SOUTH WALES

# लोगों को उनके स्थानीय समुदायों से जोड़ना







*Linking people and communities with opportunities*

# हमारे **लिंकर** आपकी सहायता निम्नलिखित तरीकों से कर सकते हैं

आपके लिए स्थानीय समुदाय में शामिल होने के तरीके सुझाना

आप अपने सपने साकार कर सकें, इस उद्देश्य से आपका हौसला बढ़ाना

आपकी सहायता के वर्तमान नेटवर्कों को बढ़ावा देना और नए नेटवर्क बनाना

लक्ष्य निर्धारित करना और आपके लिए भावी योजनाएँ बनाना

## एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू

एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू विकलांगों, उनके परिवारों और देख–भाल करने वालों को उनके समुदाय के माननीय सदस्यों के रूप में जिस भी प्रकार का जीवन वे जीना चाहते हैं, उसे वैसे ही जीने में सहायता देता है।

एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू लोगों को उनके समुदाय के लोगों से जोड़ कर ऐसा करता है।

अपने स्थानीय लिंकरों (लोगों को दूसरों से जोड़ने वालों) के द्वारा एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू, समुदायों को सभी लोगों को अपने समुदाय में शामिल करने में भी सहायता देता है।

एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू, न्यू साउथ वेल्स् सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ़ फ़ैमिली एंड कम्युनिटी सर्विसिज़, एजिंग, डिसेबिलिटी एंड होम केयर की एक पहल है।

## एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू किस तरह से कार्य करता है?

एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू के समन्वयक, जो कि लिंकर (Linkers) कहलाते हैं, विकलांगों, उनके परिवारों और देख–भाल करने वालों के साथ मिल कर कार्य करते हैं ताकि वे अपने लक्ष्य, आशाएँ और सपने साकार कर सकें।

चाहे आपका लक्ष्य खेलों में भाग लेना हो, पढ़ाई करना, स्वयंसेवी बनना या अन्य गतिविधियों में भाग लेना, यह फैसला कि आप अपना जीवन किस तरह से जीना चाहेंगे पूर्णतया आप पर ही निर्भर रहेगा।

हमारे लिंकर भरसक स्थानीय जानकारी रखते हैं और वे समुदायों के साथ मिल कर कार्य करते हैं ताकि वे समुदाय सभी लोगों का स्वागत कर सकें और उन्हें अपने समुदाय में शामिल कर सकें।



## एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू का इस्तेमाल कौन कर सकता है?

एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू इन लोगों के लिए उपलब्ध है:

- नौ वर्ष से 64 वर्ष की आयु तक के विकलांग लोग
- विकलांग लोगों की देख–भाल करने वाले और विकलांग लोगों के परिवार।

विकलांगों को शामिल करने संबंधी जानकारी और सहायता के लिए कोई भी व्यक्ति, क्लब, समूह और बिज़नेस भी एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू का इस्तेमाल कर सकते हैं।

एबिलिटी लिंक्स् एन एस डब्ल्यू का इस्तेमाल करने के लिए आपको किसी औपचारिक निर्धारण या किसी की सिफ़ारिश की आवश्यकता नहीं है।